उत्तराखण्ड वन्यजीव हैल्पलाईन – 1800 890 9715

# कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड

85 राजपुर रोड, देहरादून, फोन नं० 0135–2742884 ई–मेल– cwlw-forest-uk@nic.in

पत्र संख्या 716 /15-1 देहरादून, दिनांकः– 21/9/2024

सेवा में,

निदेशक,
कॉर्बेट टाईगर रिजर्व,
रामनगर।

**विषयः– कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन संचालन हेतु हल्के वाहनों के पंजीकरण विषयक संशोधित दिशा–निर्देश।**

सेवा में,

कॉर्बेट टाईगर रिजर्व में वर्तमान में ईको पर्यटन हेतु 08 जोन संचालित हैं। इन सभी में पर्यटकों को वाहनों में निर्धारित मार्गों पर विचरण हेतु एक सीमित संख्या के अनुसार प्रवेश दिया जाता है। पर्यटकों की सुरक्षा तथा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि इस हेतु न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करने वाले वाहनों तथा इसी प्रकार प्रशिक्षित एवं चयनित वाहन चालक एवं गाईडों को इन क्षेत्रों में प्रवेश दिया जाये। वर्तमान में इनमें से 6 पर्यटन जोन (ढेला, झिरना, गर्जिया, बिजरानी, ढिकाला एवं दुर्गादेवी) हेतु पंजीकरण निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर तथा अन्य 02 पर्यटन जोन (पाखरौ एवं सोनानदी) का पंजीकरण प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ वन प्रभाग, लैन्सडौन द्वारा किया जाता है।

इस क्रम में कॉर्बेट टाईगर रिजर्व में समय–समय पर जोड़े गये नये ईको पर्यटन क्षेत्रों की संख्या तथा इस विषय में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 यथासंशोधित के प्राविधानों, विभिन्न मा0 न्यायालयों द्वारा समय–समय पर इस विषयक दिये गये आदेशों, भारत सरकार तथा राज्य सरकार के निर्देशों तथा पूर्व में इस कार्यालय द्वारा निर्गत किये गये आदेशों की विस्तृत समीक्षा के उपरांत कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन संचालन हेतु हल्के वाहनों के पंजीकरण विषयक संशोधित दिशा–निर्देश एतद् द्वारा निर्गत किये जा रहे हैं।

यह आदेश तत्कालिक प्रभाव से लागू होंगे तथा इस विषय में इस कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत समस्त आदेश एतद्द्वारा अतिक्रमित माने जायेंगे।

यदि इन आदेशों के विषय में किसी संबंधित व्यक्ति को कोई कठिनाई हो तो वह इस विषय में एक तथ्यात्मक प्रत्यावेदन निदेशक, कॉर्बेट टाईगर रिजर्व के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। यह तथ्यात्मक प्रत्यावेदन निदेशक, कॉर्बेट टाईगर रिजर्व के कार्यालय में इस आदेश के निर्गत होने के 15 दिनों के अंतर्गत प्राप्त हो जाने चाहिए।

**संलग्नः– यथोपरि।**

भवदीय,
21/9/24
(डा0 समीर सिन्हा)
प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत वाहनों का पंजीकरण करने के उपरांत निर्धारित सीमा से शेष बची संख्या से अधिक वैध आवेदन प्राप्त होने पर उनका निर्धारण चयन में पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु खुली लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।"

उक्त के अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्र संख्या 710/15-1 दिनांक 21.09.2024 द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन संचालन हेतु हल्के वाहनों के पंजीकरण विषयक शेष दिशा-निर्देश यथावत रहेंगे।

- इस संशोधित दिशा-निर्देशों के क्रम में निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 16.12.2025 के अनुपालन में कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन संचालन हेतु हल्के वाहनों के पंजीकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

(आर0 के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।

## कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड

85–राजपुर रोड़, देहरादून (उत्तराखण्ड), फोन न0–0135–2742884 ई–मेल–cwlwua@yahoo.co.in

पत्रांक 2252 / 29–1 देहरादून दिनांक 01 ~~दिसम्बर~~ जनवरी 2025

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव वन, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, नैनीताल।
4. मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल, पौड़ी।
5. निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, नैनीताल।
6. निदेशक, राजाजी टाइगर रिजर्व, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, उत्तराखण्ड।
7. जिलाधिकारी, नैनीताल, पौड़ी, अल्मोड़ा।
8. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी तथा सहायक परिवहन अधिकारी, रामनगर, पौड़ी, अल्मोड़ा।

(आर0 के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड।